an>

Title: Need to improve BSNL mobile service and fill up the vacant post of General Manager in Parbhani and Jalna districts of Maharashtra.

श्री संजय हरिभाऊ जाधव (परभणी) : महोदय, महाराष्ट्र के परभणी और जालना जिलों में बी.एस.एन.एल. की मोबाइल सेवाएं पिछले कई वर्षों से ग्रामीणों तक सुचारू ढंग से नहीं चल रही हैं। उक्त जिलों में टावरों की कमी के कारण मोबाइल सेवाएं सही नहीं चल रही हैं। मोबाइल ग्राहकों की संख्या बढ़ने के साथ-साथ टावरों का विस्तारीकरण करने की जिलों में अत्यन्त आवश्यकता है। बी.एस.एन.एल. के कार्यालयों में महाप्रबंधक के पद रिक्त हैं तथा अन्य कर्मचारियों की कमी तथा प्रबंधक व्यवस्था की कमी के कारण ग्राहकों की शिकायतों का निवारण भी नहीं किया जा रहा है।

अतः सदन के माध्यम से मेरा सरकार से अनुरोध है कि उक्त जिलों में शीघ्र महाप्रबंधक के रिक्त पदों पर नियुक्तियां की जाएं तथा नए मोबाइल टावरों की स्थापना की जाए जिससे उक्त जिलों की मोबाइल सेवाएं सुचारू ढंग से कार्य कर सकें।